तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	केसूराम बनाम **लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी ग्रामीण, जोधपुर)** सू.अ. अपील संख्या 24/2024	
31/07/2024	अपीलार्थी केसूराम निवासी शिव नगर, मण्डोरिया गेट के बाहर, महामंदिर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 01.01.2024 में के.आर. फिलिंग स्टेशर सदरी, तह. लोहावट के द्वारा कार्यालय में आवेदन एनओसी, रजिस्ट्रेशन के दौरान जमा करवाये समस्त दस्तावेज की प्रमाणित प्रतिलिपि तथा अन्य बिन्दुओ से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (जिला रसद अधिकारी ग्रामीण, जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (जिला रसद अधिकारी ग्रामीण, जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (जिला रसद अधिकारी (द्वितीय) जोधपुर) ने जरिये पत्रांक 564 दिनांक 07.03.2024 से बतलाया कि प्रार्थी को संबंधित पत्रावली कार्यालय में उपलब्ध नही होने के कारण दिनांक एवं वर्ष से अवगत कराने हेतु पत्रांक 31 दिनांक 21.01.2024 को पत्र प्रेषित किया गया परंतु प्रार्थी द्वारा उक्त संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नही करवायी गयी जिस कारण प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नही करवायी जा सकी। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के स्पष्टीकरण से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण जिला कलक्टर जोधपुर (ग्रामीण) राज.	